26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 15 मार्च, 2026

अंक- 140 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

# स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के बाद 'बाब अल-मंडेब' होगा बंद!

## हूतियों ने दी धमकी, यूरोप तक बढ़ेगा तेल-गैस संकट

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच जारी युद्ध अब एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गया है, जहां पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था दांव पर लगी है। खाड़ी क्षेत्र में 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' के पहले से ही बंद होने की खबरों के बीच, अब यमन के हूती विद्रोहियों ने 'बाब अल-मंडेब' स्ट्रेट को ब्लॉक करने की धमकी दी है। युद्ध के तीसरे हफ्ते में एंट्री लेते ही यमन स्थित हूती विद्रोहियों ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। ईरान के समर्थित इस लड़ाकू समूह ने कहा है कि वो किसी भी पल जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार है।

हूती नेता अब्दुल मलिक अल-हूती ने बताया कि उनके बल 'ट्रिगर पर उंगली' रखे हुए हैं और संघर्ष बढ़ने की स्थिति में वो हस्तक्षेप करेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि ये ईरान की तीन चरणों वाली रणनीति का हिस्सा है।



बाब अल-मंडेब का मतलब 'आंसुओं का द्वार' है, जो दुनिया के सबसे अहम समुद्री रास्तों में से एक है। ये यमन को जिबूती और इरिट्रिया (अफ्रीका के हॉर्न) से अलग करता है। ये लाल सागर को अदन की खाड़ी और हिंद महासागर से जोड़ता है। स्वेज नहर के माध्यम से एशिया और यूरोप के बीच होने वाले व्यापार के लिए हर जहाज को इसी 29 किलोमीटर चौड़े रास्ते से गुजरना पड़ता है।

### आसमान छूएंगी तेल की कीमतें

लेबनानी-ऑस्ट्रेलियाई विशेषज्ञ मारियो नवल कहते हैं, युद्ध अब और भी व्यापक और बदसूरत होने वाला है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'अगर हूती ईरान के साथ पूर्ण सैन्य गठबंधन कर लेते हैं और एक और अहम जलमार्ग (बाब अल-मंडाब) को बंद कर देते हैं, तो लाल सागर पूरी तरह से प्रतिबंधित क्षेत्र बन जाएगा, तेल की कीमतें फिर से आसमान छू लेंगी और वैश्विक व्यापार और भी बुरी तरह से प्रभावित होगा।' दुनिया की दिग्गज शिपिंग कंपनी मर्सक ने सुरक्षा कारणों से लाल सागर से गुजरने वाली अपनी उड़ानों और जहाजों को अस्थायी रूप से रोक दिया है।

# ईरान पर इज़रायल का बड़ा प्रहार

## तेहरान में स्पेस रिसर्च सेंटर और एयर डिफेंस फैक्ट्री तबाह

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** इजरायली डिफेंस फोर्सेस (IDF) ने ईरान की राजधानी तेहरान और उसके आसपास के इलाकों में भीषण हवाई हमले कर ईरानी सैन्य ढांचे को भारी नुकसान पहुंचाने का दावा किया है। इजरायली वायुसेना ने दावा किया है कि इस हमले में ईरान का मुख्य 'स्पेस रिसर्च सेंटर' और एयर डिफेंस



सिस्टम बनाने वाली एक बड़ी फैक्ट्री पूरी तरह तबाह हो गई है। IDF के अनुसार, इस 'हवाई हमलों की लहर' में तेहरान में स्थित ईरानी शासन के दर्जनों बुनियादी ढांचों को निशाना बनाया गया। सबसे महत्वपूर्ण निशाना वह स्पेस रिसर्च सेंटर था, जिसमें ऐसी रणनीतिक प्रयोगशालाएं थीं, जो डिफेंस सैटेलाइट के विकास के लिए इस्तेमाल की जा रही थीं। इन सैटेलाइट्स का उपयोग पूरे मध्य पूर्व में निगरानी और हमलों के लिए दिशा-निर्देश देने में किया जाना था।

## होर्मुज जलडमरूमध्य सिर्फ हमारे दुश्मनों के जहाजों के लिए बंद

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने शनिवार को एक बड़ा बयान देते हुए कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य खुला है और यह रणनीतिक मार्ग सिर्फ अमेरिका और

**ईरान के विदेश मंत्री का बड़ा बयान**

इस्राइल के जहाजों के लिए बंद है। ईरानी विदेश मंत्री का यह बयान ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया की प्रमुख शक्तियों से होर्मुज जलडमरूमध्य में अपने नौसैनिक जहाज तैनात करने की अपील की है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका किसी भी हाल में इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग को खुला रखेगा।


**होटल में स्टाफ की आवश्यकता**

2. हाउस कीपींग स्टाफ सफाईकर्मी

वेतन 15000-16000/- रुपये अनुभवानुसार (दिन शिफ्ट)

योग्यता : होटल सफाई, बेडिंग और टॉयलेट सफाई, सफाई कैमिकल्स का अनुभव


2. वेटर/बेल ब्वॉय

वेतन 9000-10000/- अनुभवानुसार (दिन/रात शिफ्ट)

योग्यता : रूम सर्विस, बेडिंग, मेहमानों का स्वागत, सामान पहुंचाना

होटल रजत रेजीडेंसी रेलवे स्टेशन चौक, बिजनौर मो. 9410496747

पं. उ.प्र. में सर्वप्रथम विराजित



**सांवलिया सेठ** (श्याम बाबा) के दर्शन करें।

**प्राचीन शिव मंदिर अग्रवाल धर्मशाला**

रम्मू का चौराहा, बिजनौर मो. 9927652453

**MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL**

NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR

**We Are Hiring**

PGT (ALL SUBJECTS)

TGT (ALL SUBJECTS)

PRT (ALL SUBJECTS)

P.T.I. (B.P.Ed/M.P.Ed)

बिजनौर से कोतवाली आने जाने के लिए ट्रांसपोर्ट सुविधा उपलब्ध है।

Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred

Email : mpskotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 8958800042, 8958800019, 9634289199

**बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़**

बवासीर PILES | भगन्दर FISTULA | फिशर FISSURE



इस तकनीक द्वारा यह बीमारी भविष्य में कभी नहीं होती



डॉ. सुधांशु चौधरी

MS (Anorectal Surgeon)

(गुदा रोग विशेषज्ञ)

आने से पहले कॉल करें-

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

**सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर**

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर


पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# मान्यवर कांशीराम

## जिन्होंने बहुजन समाज की ख़ातिर शान-ओ-शौकत की ज़िंदगी छोड़ी

**मान्यवर कांशीराम जी राजनीतिक एवं समाज सुधारक थे।**

स्व. एम.एन.राय कम्युनिस्ट पार्टी, स्व. डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जनसंघ, स्व.जेपी नारायण समाजवादी पार्टी, स्व. अटलबिहारी वाजपेई बीजेपी, एओ ह्यूम कांग्रेस आदि राष्ट्रीय पार्टियों के संस्थापकों में बसपा के संस्थापक स्व. कांशीराम जी का नाम भी बड़े आदर से लिया जाता है। मान्यवर ने 1996 में पंजाब के होशियारपुर संसदीय क्षेत्र से लोकसभा चुनाव जीतकर 11वीं लोकसभा का प्रतिनिधित्व किया। वे उत्तर प्रदेश के इटावा से भी सांसद चुने गए थे।



साहेब कांशीराम जी डीआरडीओ पुणे में एक प्रतिष्ठित वैज्ञानिक के रूप में कार्यरत थे। इस्तीफा देने के बाद सोशल इंजीनियरिंग कर बहुजन समाज की सशक्त महिला कु. मायावती को यूपी का चार बार मुख्य मंत्री बनवाया। मान्यवर कांशीराम जी रोपड़ जिले के खवासपुर गांव के एक अनुसूचित जाति रामदासिया परिवार में पैदा हुए थे। इनके पिता जी का नाम सरदार हरि सिंह और माता जी का नाम बिशन कौर था।

पढ़ाई–लिखाई में व्यस्त मान्यवर सोशल एक्टिविटी से बहुत दूर रहते थे। सामाजिक व्यवस्था ईश्वर की देन, किस्मत में छुआछूत आदि मानकर उनका वहन करना मजबूरी बन गई थी, फिर भी वैज्ञानिक के रूप में कोई नया काम, नई रिसर्च करना मात्र उनका लक्ष्य था।

लेकिन एक घटना ऐसी घटित हो गई जिसने उनके इरादों और हालातों से ऐसा बदलाव ला दिया।

एक दिन 14 अप्रैल को बाबा साहेब डा. अंबेडकर जी का जन्मोत्सव मनाए जाने का बहुजन समाज के लोगों में भारी उत्साह भरा हुआ था, तभी उनके ही अधीनस्थ ने 14 अप्रैल को हर्षोल्लास से मनाने के लिये अवकाश हेतु एक प्रार्थना–पत्र मान्यवर के समक्ष पेश किया। उन्होंने प्रथम दृष्ट्या में अवकाश अस्वीकृत कर दिया। अधीनस्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर जो अपने अधिकारों के प्रति सजग थे, छुट्टी के लिये जाकर साहेब से भिड़ गए और अवकाश की स्वीकृति हेतु के अड़ गए। फिर से उनको डा. साहेब के बारे में बताया कि हमारे ही समाज के थे। उन्होंने ही संविधान की रचना की है और उन्होंने ही हम लोगों के लिए नौकरियों में आरक्षण का प्रावधान कराया। आज मैं और आप भी यहां उन्हीं की बदौलत हैं। बातों की बहस में बाबा साहेब द्वारा लिखी एक पुस्तक भी उन्हें लाकर दी। उन्होंने वह पुस्तक रात भर पढ़ी, जिससे प्रेरित होकर उनके मन में इतना बदलाव आया कि सेनेट्री इंस्पेक्टर का अस्वीकृत अवकाश को स्वीकृत कराया और उन्होंने अपनी शान और शौकत की नौकरी से स्थाई रूप से इस्तीफा ही दे दिया और अपने अधिकारों से अंजान जनता के बीच जा–जाकर शांति के साथ अलख जगाने का कार्य करने तथा अपने घर न लौटने का संकल्प भी ले लिया।

**जयंती पर विशेष**

बाबा साहेब के मार्गदर्शन के अनुसार अनुसूचित जाति, जनजाति, आदिवासी ओबीसी का गठजोड़ कर उनको घर–घर जाकर उनके अधिकारों का बोध कराया। जो देश की 85 प्रतिशत जनता थी, इसलिए उन्हें बहुजन कहा, जिन्हें संविधान में अधिकार तो था, लेकिन अशिक्षित जनता को जानकारी नहीं थी। जानकारी देकर देश की मुख्यधारा से जोड़ने में सफलता भी मिली। मान्यवर कांशीराम 15 मार्च 1934 को जन्मे एक महान भारतीय राजनीतिज्ञ, समाज सुधारक और बहुजन आंदोलन के प्रणेता थे। उन्होंने दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों (बहुजन समाज) को राजनैतिक शक्ति देने के लिए 1971 में बामसेफ, 1981 में DS–4 और 1984 में बहुजन समाज पार्टी (BSP) की स्थापना की। वे सादा जीवन जीने वाले एक दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने शोषित समाज को आत्म–सम्मान जागृत हेतु आंदोलन किए।

मान्यवर ने व्यक्तिगत जीवन में बिना कोई संपत्ति अर्जित किए, शान शौकत से दूर, अविवाहित होकर बिना अपने निजी घर बनाए और सादगी का जीवन बहुजन समाज के लिए और देश की सेवा में ही सारा जीवन समर्पित कर दिया।

अंत में एक लंबी बीमारी में उन्होंने 9 अक्टूबर 2006 को अंतिम सांस ली।

**–आरएस कोठारी**
बिजनौर (यूपी)

## होटल इंद्रलोक में यामीन सैफी की याद में रोज़ा इफ़्तार का आयोजन

### कोटद्वार के दीपक कुमार सहित गणमान्य लोगों ने की शिरकत

**नजीबाबाद (चिंगारी)**। नगर के हरिद्वार मार्ग स्थित होटल इंद्रलोक में हर साल की तरह इस साल भी यामीन सैफी द्वारा शुरू की गई रोजा इफ्तार पार्टी को उनके पुत्र सोनू आदि ने जारी रखते हुए उनकी याद में रमजान माह में होटल में शानदार रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। इफ्तार पार्टी में हिंदू–मुस्लिमों ने एक साथ बैठकर सामूहिक रूप से रोजा इफ्तार कर एकता व भाईचारे का संदेश दिया। सभी ने यामीन सैफी की मगफिरत के लिए दुआ की। इस मौके पर विधायक हाजी तसलीम अहमद, नगर पंचायत साहनपुर के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, पूर्व चेयरमैन मौअज्जम खां एड., शहबाज खान, इरफान अंसारी, मौ. सालिम, भाकियू कृषि क्रांति के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंतजार मूसा, दुआ फाउंडेशन के अध्यक्ष अब्दुल्ला गुलजार कासमी, समाजसेवी आसिफ मुत्तकी, हाजी दिलशाद, मौ. जाहिद, जाहिद अंसारी, अनवर खां मंसूब, वसीम बक्श, इंजीनियर शादाब हैदर सहित नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इफ्तार पार्टी में शामिल हुए भाईचारे की अलख जगाने वाले कोटद्वार से आए जिम संचालक दीपक कुमार का काफी संख्या में लोगों ने मुलाकात कर उनकी भाईचारे की मुहिम की सराहना करते हुए स्वागत किया।



सामूहिक रोज़ा इफ़्तार में शामिल दीपक कुमार का स्वागत करते हुए।



# गुलदार के हमले में 10 वर्षीय मासूम बच्ची की मौत, क्षेत्र में दहशत





**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम मुकर्रमपुर में उस समय कोहराम मच गया, जब एक गुलदार ने 10 वर्षीय मासूम बच्ची पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में वन विभाग के खिलाफ भारी रोष और ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

जानकारी के अनुसार ग्राम मुकर्रमपुर निवासी अतुल कुमार की 10 वर्षीय पुत्री अदिति, जो कक्षा 4 की छात्रा थी, अपने परिजनों के साथ गन्ना बोने के बाद खेत से घर लौट रही थी। इसी दौरान रामकुंवर के गन्ने के खेत में घात लगाकर बैठे गुलदार ने अचानक अदिति पर हमला कर दिया और उसे खींचकर जंगल की ओर ले जाने लगा। परिजनों द्वारा शोर मचाने और पीछा करने पर गुलदार बच्ची को लहूलुहान हालत में छोड़कर भाग निकला। आनन-फानन में परिजन अदिति को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अदिति अपने चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर की थी। इस हृदयविदारक घटना से परिवार में चीख-पुकार मची है।

बता दें कि इसी परिवार पर गुलदार का यह दूसरा हमला है। इससे पूर्व 14 फरवरी 2025 को इसी परिवार की 13 वर्षीय साक्षी पुत्री पुष्पेंद्र को भी गुलदार ने अपना निवाला बनाने की कोशिश की थी। गंभीर रूप से घायल बालिका को एम्स में भर्ती कराया गया था। बामुश्किल बालिका की जान बच सकी थी। एक ही परिवार को दोबारा निशाना बनाये जाने से ग्रामीणों में वन विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर गहरा आक्रोश है। क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे गुलदार के हमलों से ग्रामीण डरे हुए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है। डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह ने बताया कि गुलदार को पकड़ने के लिए मुकर्रमपुर के जंगल में पिंजरा लगाया रहा है। सूचना पर तहसीलदार धनराज सिंह व सीओ धामपुर अजय कुमार पांडे ने भी मौका मुआयना किया।

**मैं राह का चराग हूं सूरज तो हूं नहीं, जितनी मेरी बिसात है काम आ रहा हूं मैं**

सभी देशवासियों, जनपदवासियों एवं नगरवासियों को
मुक़द्दस रमज़ान की
दिली मुबारकबाद



**वसीक अहमद**
पूर्व सभासद
नगरपालिका परिषद, बिजनौर
मो. मिर्दगान बी-10, बिजनौर

पच्चीसवां रोजा : रविवार, 15 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:28, शिया 6:38
छब्बीसवां रोजा : सोमवार, 16 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:02, शिया-4:56

## झालू के मुख्य बाज़ार में हुई मारपीट और हमले में 4 के खिलाफ़ रिपोर्ट दर्ज

**झालू ( चिंगारी )। नगर में गुरुवार रात्रि मुख्य बाजार में हुए मारपीट और हमले के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।**

कस्बा झालू के मुख्य बाजार में गुरुवार की रात्रि कुछ युवकों द्वारा मौहल्ला मौलवियान निवासी अरशद व असद पुत्र असलम के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया था। बीच बाजार हुई इस घटना से अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद डायल 112 काफी देर बाद मौके पर पहुंची थी।

पीड़ित का कहना है कि उसने कुछ दिन पहले अपने बाग में लगे हरे-भरे फलदार आम के पेड़ों को काटे जाने की शिकायत पुलिस से की थी। उसका आरोप है कि उसी रंजिश के चलते आरोपियों ने उसे बीच बाजार में घेरकर मारपीट की है।

पीड़ित ने कस्बा झालू के मौहल्ला मौलवियान निवासी आवेश, अजीम, नवेद पुत्र हसिनुद्दीन के ऊपर मारपीट करने का आरोप लगाया था।

नगर के मोहल्ला मौलवियान निवासी अरशद पुत्र मोहम्मद असलम ने थाना हल्दौर में दी गई तहरीर में बताया कि 12 मार्च की रात उसका छोटा भाई असद घर से बाजार में सामान लेने गया था। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद नवेद, अजीम, आवेश और शावेज पुत्रगण हसीनुद्दीन निवासी मोहल्ला मौलवियान ने उसके भाई के साथ कहासुनी की। बताया गया कि बाद में असद ने बाजार में पहुंचकर एक परिचित के फोन से अरशद को सूचना दी। सूचना मिलने पर जब अरशद मौके पर पहुंचा तो आरोप है कि वहां मौजूद लोगों ने उसकी स्कूटी को बाइक से टक्कर मार दी। इसके बाद विवाद बढ़ गया और मारपीट हो गई। इस दौरान अरशद को चोटें आईं।

मौके पर पहुंच झालू चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार आरोपियों द्वारा घटना स्थल पर छोड़ी गई एक बाइक को अपने साथ चौकी ले गये।

घायल पक्ष की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने नवेद, अजीम, आवेश और शावेज पुत्रगण हसीनुद्दीन निवासी मोहल्ला मौलवियान कस्बा झालू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।



# ईद का त्यौहार देता भाईचारे का पैग़ाम नगर पालिका कर रही मुकम्मल इंतज़ाम

## चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने संदेश जारी किया जनता के नाम



**किरतपुर (चिंगारी)।** नगर पालिका परिषद के चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने नगरवासियों को ईद-उल-फितर की मुबारकबाद देते हुए कहा है कि यह त्यौहार आपसी भाईचारा बढ़ाने और जरूरतमंदों की मदद करने का संदेश देता है। अब्दुल मन्नान ने कहा कि मुकद्दस रमज़ान का महीना हमसे रुखसत होने जा रहा है और खुशियों भरा त्यौहार ईद उल फितर आने वाला है। हमें शासन की गाइडलाइन के अनुसार त्यौहार मनाना चाहिए। जहां तक हो सके ईद की नमाज ईदगाह पर ही पढ़ें। नगर पालिका परिषद वे ईदगाह कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में ईदगाह परिसर में ईदगाह आने-जाने वाले रास्तों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है। पेयजल व्यवस्था में कोई अड़चन न आए, इसके लिए जनरेटर आदि की व्यवस्था की गई है। स्ट्रीट लाइट की ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि नगर जगमगा उठेगा। उन्होंने पालिका कर्मचारियों को निर्देशित किया कि नगर पालिका परिषद की ओर से जनता को दी जाने वाली सुविधाओं में कोई कोताही न बरती जाए। चेयरमैन अब्दुल मन्नान के साथ अधिशासी अधिकारी श्रीमती मेघा गुप्ता व बड़े बाबू हसन मुस्तफा स्टाफ के साथ व्यवस्था में लगे हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि ईद के त्यौहार पर बाजारों में खरीदारी की भीड़ रहती है, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, ऐसे में किसी से कोई लड़ाई झगड़ा न करें। ईद का दिन अल्लाह का शुक्र अदा करने, दिलों से नफ़रत दूर करने, आपसी सद्भाव कायम रखने व जरूरतमंदों एवं गरीब लोगों की ज्यादा से ज्यादा मदद करने का पैगाम देता है।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to: manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE: K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# मोबाइल फोन हैक कर पत्रकार के खातों से 7.90 लाख की रकम उड़ाई

**बिजनौर (चिंगारी)।** पुलिस के तमाम प्रयासों के बावजूद साइबर ठगी की घटनायें रुकने का नाम नहीं ले रहीं। हैकरों ने एक मीडियाकर्मी का मोबाइल हैक कर भीम ऐप से जुड़े विभिन्न बैंक खातों से 7 लाख 90 हजार रुपये से अधिक की धनराशि उड़ा ली।

नगर के नई बस्ती, गुरुद्वारा रोड निवासी पत्रकार अतुल गर्ग के पर्सनल तथा उनकी फर्मों के नाम से उनके बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक व आईडीबीआई फर्स्ट बैंक में चार अकाउंट हैं। अतुल गर्ग का कहना है कि हैकरों ने उनका मोबाइल हैक कर लिया। इसके बाद उनके मोबाइल में मौजूद भीम ऐप से जुड़े चार बैंक खातों से अलग-अलग डेट में रकम निकाल ली गई।

इतना ही नहीं, हैकरों ने उनका फेसबुक आईडी और मोबाइल नंबर भी क्लोन कर लिया। हालांकि बाद में मोबाइल सिम को रिकवर कर लिया गया, लेकिन फेसबुक आईडी में पासवर्ड और ई-मेल बदल दिए जाने के कारण अभी तक उसकी रिकवरी नहीं हो सकी है। फ्रॉड की जानकारी मिलते ही अतुल गर्ग ने साइबर थाने में सूचना दी। पुलिस ने 12 मार्च को मामला दर्ज कर साइबर सेल के माध्यम से जांच शुरू कर दी है। एएसपी सिटी डा. केजी सिंह का कहना है कि ट्रांजैक्शन से जुड़े खातों की जानकारी जुटाई जा रही है। जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जायेगा।

# डा. प्रबोध के निधन से शहर में शोक

### 75 वर्ष की आयु में अपने आवास पर ली अंतिम सांस

### बैराज गंगा घाट पर किया गया अंतिम संस्कार



**बिजनौर (चिंगारी)।** नगर के जाने-माने चिकित्सक व गायत्री नर्सिंग होम तथा एएन इंटरनेशनल स्कूल के संस्थापक डा. प्रबोध कुमार सिंह (पी.के. सिंह) का शनिवार की दोपहर को निधन हो गया। उनकी आयु लगभग 75 वर्ष थी। आज बैराज गंगा घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

पारिवारिक सूत्रों के अनुसार डा. प्रबोध को एक दिन पहले सीने में भारीपन महसूस हुआ था। शनिवार की दोपहर उनके पुत्र डा. निखिल कुमार सिंह उन्हें चैकअप के लिए मेरठ ले जाने की तैयारी कर रहे थे, इसी दौरान हृदय गति रुक जाने से उनका निधन हो गया। डा. प्रबोध अपने पीछे पत्नी डा. नीता सिंह, पुत्र डा. निखिल सिंह सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

डा. प्रबोध के निधन से नगर में शोक की लहर दौड़ गई। शोक व्यक्त करने वालों का उनके सिविल लाइन स्थित आवास पर तांता लग गया। आज दोपहर गंगा बैराज घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। शवयात्रा में भारी संख्या में लोगों ने शिरकत की। चिंगारी परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि।

# नगर पालिका बोर्ड की बैठक में कई प्रस्ताव हुये पारित



**धामपुर (चिंगारी)।** नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक में नगर क्षेत्र के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुए। बैठक में आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। नगर पालिका के बजट में कुल 53 करोड़ 89 लाख 44 हजार 622 रुपए आय तथा व्यय 44 करोड़ 50 लाख रुपए दर्शाया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह ने की। संचालन ईओ रवि शंकर शुक्ला ने किया। इस अवसर पर पवन कुमार, सुनील कुमार, सभासद संतोष राजपूत, पुरुषोत्तम अग्रवाल, हिना परवीन, प्रभात गुप्ता, वसीम अहमद, सुमित महेश्वरी, पूनम सैनी, मनोज गोयल, मुंशी नसीम अहमद, तस्लीम आदि उपस्थित रहे।

# रामगंगा नदी में पानी न आने से राफ्टिंग बंद

### तीन दिन पहले हुआ था उद्घाटन, पर्यटक मायूस



**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** रामगंगा नदी में पर्याप्त पानी नहीं आने के कारण यहां पर्यटकों के लिए तीन दिन पूर्व शुरू की गई राफ्टिंग खटाई में पड़ गई है। राफ्टिंग के लिए पहुंच रहे पर्यटक मायूस वापस लौट रहे हैं। क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 3 वर्ष पूर्व कालागढ़ की रामगंगा नदी में राफ्टिंग एवं पीलीडैम के जलाशय में वाटर एडवेंचर एक्टिविटीज (बोटिंग) की शुरूआत हुई थी। पूर्व में जिलाधिकारी रहे उमेश मिश्रा एवं सीडीओ पूर्ण बोरा ने क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इन दोनों स्थानों पर एक्सप्लोर इंडियन एडवेंचर नामक संस्था के सहयोग से यहां ऋषिकेश की तर्ज पर वाटर एडवेंचर एक्टिविटीज की शुरुआत की थी, जिसके बाद जिलाधिकारी रहे अंकित अग्रवाल ने भी इस ओर गंभीरता दिखाते हुए अगले वर्ष यहां आकर उद्घाटन कार्यक्रम में हिस्सा लिया था, मगर इस बार पीलीबांध जलाशय में जिला प्रशासन द्वारा बोटिंग की अनुमति नहीं दिए जाने से वहां वॉटर एडवेंचर एक्टिविटीज की शुरुआत तो नहीं हो पाई, लेकिन गत गुरुवार को कालागढ़ की रामगंगा नदी में राफ्टिंग की शुरुआत की गई थी, जिसका उद्घाटन एसडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा ने किया था। राफ्टिंग प्रबंधक, एक्सप्लोर इंडियन एडवेंचर की डायरेक्टर ज्ञान नंदनी ने बताया कि उद्घाटन के बाद से ही रामगंगा नदी में पर्याप्त पानी नहीं आ पा रहा है, जिससे राफ्टिंग नहीं हो पा रही है। ज्ञान नंदिनी ने बताया कि उनके द्वारा प्रशिक्षित टीम के माध्यम से सुरक्षात्मक ढंग से राफ्टिंग कराए जाने का प्रयास रहता है, जो रामगंगा नदी में पानी नहीं आने से अधर में अटक गया है। उधर सिंचाई विभाग के सूत्रों का कहना है कि पानी की फिलहाल आवश्यकता न हो पाने के कारण रामगंगा नदी में अधिक पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। पानी की डिमांड के अनुसार ही रामगंगा नदी में पानी बहाया जाता है।

# पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी व खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

## छात्राओं ने शानदार बनाए मॉडल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समा बांधा, खेलों में दिखाया दमखम

**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने को उनमें विज्ञान, पर्यावरण, खेलकूद और कैरियर के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए स्थानीय पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक, विज्ञान प्रदर्शनी एवं कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि फकीरचंद आर्य इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। विज्ञान प्रदर्शनी में छात्राओं ने भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान तथा पर्यावरण से संबंधित विभिन्न प्रकार के वर्किंग मॉडल और प्रोजेक्ट दिखाए। छात्राओं में वैज्ञानिक चेतना विकसित करने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए शिक्षक इल्मान सैफी ने छात्राओं के साथ खूब मेहनत कर विज्ञान प्रदर्शनी को सफल बनाया। कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं ने कैरियर चुनने के प्रति चिकित्सक, वैज्ञानिक, शिक्षक, आर्टिस्ट आदि क्षेत्रों में रुचि दिखाते हुए अपना कौशल प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं ने विभिन्न देशभक्ति गीतों पर अपनी शानदार प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम की सबसे शानदार प्रस्तुति



विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल का निरीक्षण करते हुए निर्वाचन मंडल।

ऑपरेशन सिंदूर पर रही, जिसमें छात्राओं ने ऑपरेशन सिंदूर की झलक दिखाकर कार्यक्रम में समां बांध दिया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को मैडल, प्रशस्ति-पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में विभिन्न मॉडल प्रस्तुत करने पर प्रथम पुरस्कार से सदफ, पूजा, मोहसिना, अलीना, द्वितीय पुरस्कार से पलक, आयशा, लामिया, नूर फातिमा, हर्षिता तथा तृतीय पुरस्कार से आफिया परवीन, लीजा, शादमा नाज़, फरहत, असमा, सिदरा, मंतशा, शिफा, ज्योति, यशा, मिस्बाह को पुरस्कृत किया गया। इससे पूर्व शुक्रवार को खेलकूद कार्यक्रम में भी विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, विशिष्ट अतिथि पत्रकार व शिक्षक राशिद मलिक, नौशाद नवाज, छविलेश कुमार, प्रधानाचार्य अनीता रानी, शिक्षिका अंजू रानी, अंकुर कुमार आदि ने छात्राओं में सीखने की इच्छा, जिज्ञासा और आत्मविश्वास बढ़ाने, आत्मनिर्भर बनने, लक्ष्य निर्धारित करने और ज्ञान को जीवन से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका गुलफिशा राना ने किया। इस अवसर पर पीएम श्री जीजीआईसी की शिक्षिका अंजू रानी, ऊषा रानी, नाजिया खान, नाहिद परवीन, सायदा इदरीस, अंजुम समरीन, उजमा परवीन, अनीता टांक, इन्द्रा कौर, रीना रानी व इल्मान सैफी मौजूद रहे।

# गैस की कोई कमी नहीं, मगर बुकिंग के बाद ही मिलेगा सिलेंडर!

## इंडेन गैस एजेंसी संचालक का दावा

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** ईरान व इजरायल-अमेरिका युद्ध के दौरान घरेलू गैस की किल्लत के बीच अफजलगढ़ इंडेन गैस एजेंसी, अफजलगढ़ के संचालक अखिलेश कौशिक ने उपभोक्ताओं को आश्वस्त करते हुए कहा है कि उनके यहां घरेलू कुकिंग गैस की कोई कमी नहीं है, मगर शर्त है कि उपभोक्ता को गैस सिलेंडर बुकिंग के बाद ही मिलेगा। अखिलेश कौशिक ने कहा कि उनके यहां गैस लेने वालों की कोई भीड़ अथवा लाइन नहीं लगी है। उन्होंने कहा कि वे लोग जरूर भीड़ लगा रहे हैं जिन उपभोक्ताओं की बुकिंग नहीं हो पा रही है, क्योंकि 25 दिन के बाद ही गैस बुकिंग हो पाएगी। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता निर्धारित समयानुसार गैस बुक करें और बुकिंग उपरांत प्राप्त मैसेज दिखाकर तुरंत गैस प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से कहा कि वह किसी भी प्रकार की अफवाहों पर कतई ध्यान न दें, हड़बड़ाएं नहीं। बुकिंग उपरांत हर उपभोक्ता को गैस उपलब्ध कराई जाएगी। बता दें कि गैस की किल्लत की खबरों से लोग चिंतित हैं, साथ ही ईद के मद्देनजर लोगों में गैस सिलेंडर लेने की होड़ लगी हुई है।



अखिलेश कौशिक

# गैस एजेंसी संचालक के विरुद्ध 3/7 में केस दर्ज

**चांदपुर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी की संस्तुति पर पूर्ति निरीक्षक चांदपुर ने गैस एजेंसी के संचालक के विरुद्ध धारा 3/7 में रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रशासन की इस कार्यवाही से गैस सिलेंडर की कालाबाजारी करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। पूर्ति निरीक्षक चांदपुर पंकज कुमार ने नगर के मुहल्ला गोकुलनगर स्थित गैस एजेंसी के संचालक अमन अग्रवाल पुत्र सुबोध गुप्ता पर गैस एजेंसी के सिलेंडर गैस गोदाम, गैस एजेंसी से लगभग 100 मीटर दूर आबादी में रखने व मानक से अधिक भंडारण करने तथा विस्फोटक विभाग द्वारा स्वीकृति न लेने व सिलेंडरों की कालाबाजारी करने के सम्बन्ध में धारा 3/7 में रिपोर्ट दर्ज कराई है।



सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद

विवेक सेन



सदस्य जिला पंचायत, जिला योजना समिति, बिजनौर
मुरादाबाद मण्डल महासचिव आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य- आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी धामपुर विधानसभा- 20

पच्चीसवां रोजा : रविवार, 15 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:28, शिया 6:38
छब्बीसवां रोजा : सोमवार, 16 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:02, शिया-4:56

# RVIT में 'पाई डे' पर रिसर्च पेपर व प्रेजेंटेशन का आयोजन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** आरवी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बिजनौर में पाई डे (3.14) के अवसर पर रिसर्च पेपर एवं प्रेजेंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कंप्यूटर साइंस विभाग के टेक्नोक्रेट्स क्लब द्वारा इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल आईआईसी व आरवीआईटी के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गणित से प्रेरित विषयों पर आधारित अपने रिसर्च पेपर एवं नवाचारी विचार प्रस्तुत किये। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी विश्लेषणात्मक सोच, रचनात्मकता एवं शोध क्षमता का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर सनी देशवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें नवाचार और शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में टेक्नोक्रेट्स क्लब के कोऑर्डिनेटर वैभव सिंह चौहान, कंप्यूटर साइंस विभाग के प्राध्यापकगण तथा टेक्नोक्रेट्स क्लब के विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

# होटल संचालक भट्टी में कोयला व लकड़ी जलाकर बना रहे हैं खाना

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** क्षेत्र में गैस की किल्लत से उपभोक्ताओं को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। होटलों पर गैस सिलेंडर उपलब्ध न होने के कारण भट्टियों में कोयला व लकड़ी जलाकर कार्य करना पड़ रहा है। गैस एजेंसियों तथा गोदामों पर गैस लेने के लिए उपभोक्ताओं की भीड़ उमड़ रही है। गैस की बुकिंग में दिक्कत होने से सिलेंडर नहीं मिल रहा है। होटल स्वामी ओमप्रकाश सिंह, मनोज कुमार, सौरभ यादव, निक्कू आदि का कहना है कि गैस न मिलने से कादराबाद में भट्टियों से काम शुरू किया गया है। वहीं गैस एजेंसी संचालकों का कहना है कि गैस पर्याप्त मात्रा में है कोई कमी नहीं है, लेकिन बुकिंग में आ रही दिक्कत से भीड़ लग रही है। वहीं उन्होंने उपभोक्ताओं से अफवाहें न फैलाने तथा उस पर ध्यान न देने का आह्वान किया है।

# आरोपी शुएैब के विरुद्ध दो मामले दर्ज



शुऐब को गिरफ्तार कर ले जाती पुलिस।



पैर में गोली लगने से घायल आरोपी शुऐब।

**धामपुर ( चिंगारी )।** समीपवर्ती गांव पुराना धामपुर में शनिवार की तड़के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह विपिन कुमार व विश्व हिंदू परिषद के सह मंत्री अमित शर्मा के घर में घुसकर तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने आरोपी शुऐब के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज किए हैं। ग्राम पुराना धामपुर निवासी अमित शर्मा पुत्र रविंद्र कुमार शर्मा की तहरीर पर पुलिस ने गांव पुराना धामपुर निवासी शुऐब अहमद पुत्र अब्दुल सत्तार व तीन चार अन्य अज्ञात लोगों के साथ घर में घुसकर फायरिंग करने व नगदी जेवर लूटकर फरार होने के मामले में धारा 333, 109 (1), 305, 324(4),125 बीएनएस के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस ने शनिवार की दोपहर जब पुलिस अभियुक्त शुऐब अहमद को मेडिकल कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर जा रही थी, तो रास्ते में फरार होने के उद्देश्य से अभियुक्त द्वारा हेड कांस्टेबल पंकज चौधरी की सरकारी पिस्टल छीन ली गई और भागने का प्रयास किया गया। कार्रवाई में अभियुक्त शुऐब के पैर में गोली लगी। पुलिस ने शुऐब के विरूद्ध धारा 109 (1) 132 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस ने आरोपी को बिजनौर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## पैर में लगी पुलिस की गोली

## बाबा का बुलडोजर भी चला



जनपद बिजनौर के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल के धामपुर पहुंचने के बाद हरकत में आए राजस्व विभाग के अधिकारियों ने नायब तहसीलदार के नेतृत्व में टीम गठित करके गांव पुराना धामपुर में ग्राम समाज की भूमि को खंगाला। अधिकारी नक्शा लेकर और फीता डालकर ग्राम समाज की भूमि की नापतोल करते रहे। भूमि की नापतोल होने के बाद तहसीलदार धनराज सिंह व कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह बाबा का बुलडोजर लेकर गांव पुराना धामपुर में पहुंची। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने ग्राम प्रधान कफील अहमद अंसारी की दुकान के बाहर किए गए अवैध अतिक्रमण को पीले पंजे से हटा दिया। इसके अलावा मुख्य मार्गों पर अन्य अतिक्रमण को भी हटाया गया। आरोपी शुऐब ग्राम पुराना धामपुर के प्रधान का रिश्तेदार है। इस दौरान मौके पर भारी संख्या में भीड़ मौजूद रही।

# पुराना धामपुर में जनजीवन सामान्य

## एक सिरफिरे की करतूत से आहत है ग्रामवासी

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर नगर का समीपवर्ती गांव पुराना धामपुर जो राजस्व अभिलेखों में धामपुर हुसैनपुर के नाम से दर्ज है। हमेशा शांतिपूर्ण रहा है यहां समाज के सभी वर्गों के लोग आपस में मिलजुल कर रहते हैं और एक-दूसरे की खुशियों में भागीदार होते हैं।

परंतु कल शनिवार को ग्राम के एक शुऐब नामक सिरफिरे युवक की हरकत ने इस ग्राम को तनावपूर्ण माहौल में लाकर जनपद बिजनौर, प्रदेश और देश में चर्चित बना दिया। परंतु पुलिस प्रशासन की तत्परता और ग्राम के नागरिकों की समझदारी से गांव पुराना धामपुर का वातावरण एक बार फिर पटरी पर लौट आया है। आज प्रातः जब चिंगारी प्रतिनिधि ने गांव का दौरा किया, तो पाया कि गांव में जनजीवन सामान्य है। महिलाएं व्यापारी और बच्चे अपनी दैनिक दिनचर्या में लगे हुए हैं। गांव की सड़कों पर चहल-पहल है और लोग बिना किसी भय के आ जा रहे हैं। गांव पुराना धामपुर निवासी अमित कुमार शर्मा गांव में ही जन सेवा केंद्र संचालित करते हैं। कुछ दिन पूर्व उनके जन सेवा केंद्र पर उनका पड़ोसी शुऐब पेटीएम से पैसे निकालने के लिए गया था, परंतु रकम न निकलने के कारण उसकी जन सेवा केंद्र पर तकरार हो गई थी। इसी बात को लेकर वह मन में कुंठा पाले हुए था। इसका बदला लेने के लिए उसने शनिवार की प्रातः 3.30 बजे जब लोग गहरी नींद में सोए हुए थे तब अमित कुमार शर्मा के घर में सीढ़ी लगाकर खिड़की से प्रवेश किया। आरोप है कि इस दौरान उसने फायरिंग और लूटपाट भी की। परंतु अमित शर्मा उनकी पत्नी पूजा शर्मा और दोनों बेटे एक कमरे में बंद थे जहां से उन्होंने पुलिस को फोन किया था तब पुलिस ने आकर शुऐब को हिरासत में ले लिया था।

ग्राम पुराना धामपुर निवासी शहाना अली का कहना है की शुऐब आए दिन गांव में झगड़ा करता रहता है। इसकी इन हरकतों से सभी गांववासी परेशान है। साइकिल की दुकान करने वाले परवेज अहमद का कहना है कि हमारा गांव सांप्रदायिक सद्भाव की एक मिसाल है, परंतु एक सिरफिरे व्यक्ति की करतूत से गांव की बहुत बदनामी हुई है। अब यहां शांति है और सब लोग अपने काम में लगे हुए हैं। गांव में माहौल सामान्य है और पुलिस बल तैनात है।

सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमजान
की दिली मुबारकबाद

मो. ग़ाज़ी
पूर्व विधायक, शेरकोट

पच्चीसवां रोजा : रविवार, 15 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:28, शिया 6:38
छब्बीसवां रोजा : सोमवार, 16 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:02, शिया-4:56


सभी देशवासियों को
मुकद्दस रमज़ान
की दिली
मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष सपा

रागिब हुसैन उर्फ शहज़ादा
पूर्व जिला सचिव
समाजवादी पार्टी, बिजनौर
रागिब हुसैन उर्फ शहज़ादा
पच्चीसवां रोजा : रविवार, 15 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:28, शिया 6:38
छब्बीसवां रोजा : सोमवार, 16 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:02, शिया-4:56

# अब्दुल्लाह सलीम का फूंका पुतला



मौलाना अब्दुल्लाह सलीम का पुतला फूकते हुए कार्यकर्ता।

**धामपुर ( चिंगारी )।** बिहार के मौलाना अब्दुल्लाह सलीम द्वारा गोरक्षपीठाधीशवर एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता जी के संबंध में अभद्र टिप्पणी किए जाने के विरोध में शनिवार को हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान मंडल प्रभारी डॉ. एनपी सिंह के नेतृत्व में नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक पर प्रदर्शन कर पुतला फूंका गया। पुतला फुंकने वालों में डॉ. एनपी सिंह, प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह चौहान, आर्किटेक्ट अनिल पाल, भाजपा के नगर महामंत्री नागेश्वर दयाल गहलौत, अनिल शर्मा, पालिका सभासद संतोष राजपूत आदि मौजूद रहे। इस मौके पर डॉ. एनपी सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की माता जी के संबंध में की गई अभद्र टिप्पणी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मौलाना के खिलाफ कठोर कार्यवाही किए जाने की मांग की।

## कंपोजिट शॉप से एक लाख की शराब चोरी

**धामपुर ( चिंगारी )।** ग्राम ढक्का करमचंद स्थित अंग्रेजी शराब की कंपोजिट शॉप का ताला तोड़कर लगभग एक लाख रुपए की शराब और गल्ले में रखी 10 हजार रुपए की नकदी व एक पीओएस मशीन चोरी कर ली। चोरी की सूचना पाकर दुकान की अनुज्ञापी श्रीमती गायत्री देवी मौके पर पहुंची और घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। पुलिस को कंपोजिट दुकान के पास स्थित खेत में क्षतिग्रस्त स्थिति में एक डीवीआर पड़ी हुई मिली। जबकि चोर शराब व नगदी लेकर फरार हैं। चौधरी प्रशांत कुमार सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# सच्चे मन से भगवान शिव का स्मरण करने वाला भक्त सभी कष्टों से मुक्त हो जाता है- महंत राधेश्याम

## सात दिवसीय सर्वकष्ट निवारण अनुष्ठान एवं शिव महापुराण कथा

**धामपुर (चिंगारी)।** सनातन उत्थान सेवा संघ (पंजीकृत) धामपुर के तत्वावधान में मोहल्ला साहूवान स्थित श्रीराम मंदिर आश्रम में चल रहे सात दिवसीय सर्व कष्ट निवारण अनुष्ठान एवं संगीतमय शिव महापुराण कथा के छठे दिन शनिवार को आश्रम परिसर हर-हर महादेव के जयघोष और वैदिक मंत्रोच्चार से गूंज उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुंचे और भगवान शिव की आराधना कर सुख-समृद्धि व निरोग जीवन की कामना की। कार्यक्रम के मुख्य यजमान राजेश्वरी देवी, वर्ध राजन, सुखनारायण लाल, विजय तिवारी, रमेश यादव, प्रीति देवी, राघवेंद्र नारायण सिंह, मनोज कुमार, शांति देवी, ओमप्रकाश, नरेंद्र सिंह, कौशल्या देवी, विनीत वर्मा, आलोक दुबे, प्रतिमा दुबे और अजय सिंह सहित अनेक श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान शिव का पूजन-अर्चन किया। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर परिवार और समाज की सुख-शांति के लिए



प्रार्थना की। इस अवसर पर काशी से पधारे विद्वान पंडितों ने विशेष वैदिक अनुष्ठान कर रोग मुक्ति और लोक कल्याण की कामना की। मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुए इस अनुष्ठान ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। वैदिक मंत्रों की ध्वनि और शिवभक्ति के गीतों से आश्रम परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। कार्यक्रम में श्रीराम मंदिर आश्रम के पीठाधीश्वर महंत राधेश्याम व्यास जी महाराज की पावन उपस्थिति रही। उनके साथ आश्रम के उत्तराधिकारी आचार्य शशिकांत वशिष्ठ भी मौजूद रहे। दोनों संतों के सान्निध्य में श्रद्धालुओं ने शिवलिंग का विधिवत पूजन किया। इस दौरान महंत राधेश्याम व्यास जी महाराज ने संगीतमयी शिव महापुराण कथा का रसपान कराते हुए भगवान शिव की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि शिव महापुराण में भगवान शिव की करुणा, दया और भक्ति की महिमा का वर्णन मिलता है। सच्चे मन से भगवान शिव का स्मरण करने वाला भक्त सभी कष्टों से मुक्त होकर जीवन में सुख और शांति प्राप्त करता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से धर्म, सेवा और सदाचार के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में आश्रम के उत्तराधिकारी आचार्य शशिकांत वशिष्ठ, व्यवस्थापक सौरभ वशिष्ठ, प्रियंका वशिष्ठ, सौरभ मिश्रा, लव कुमार, सुमित कुमार अवस्थी, दीपक कुमार शुक्ला, रमेश शंकर तिवारी, राजेंद्र प्रसाद अग्निहोत्री, राकेश मिश्रा, जगनाथ और वंश कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



ठाकुर मूलचंद चौहान
पूर्व राज्यमंत्री
(उत्तर प्रदेश सरकार)
समाजवादी पार्टी 20 विधानसभा क्षेत्र, धामपुर

पच्चीसवां रोजा : रविवार, 15 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:28, शिया 6:38
छब्बीसवां रोजा : सोमवार, 16 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:02, शिया-4:56

## ईदगाह कमेटी की बैठक में व्यवस्थाओं पर हुई चर्चा

**स्योहारा (चिंगारी)।** ईद उल फितर की नमाज के समय और व्यवस्थाओं को लेकर ईदगाह कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कमेटी के जनरल सेक्रेटरी डा. तारिक रजा के आवास पर शहर इमाम मौलाना कामिल कासमी की सरपरस्ती और कमेटी अध्यक्ष अहसन एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक का संचालन सुहैल जफर ने किया। बैठक में ईदगाह परिसर की साफ-सफाई, नमाज के समय की घोषणा और अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। उन्होंने सड़कों या मार्गों पर नमाज अदा करने से बचने और ईदगाह परिसर के अंदर सफों में नमाज पढ़ने का आग्रह किया। इस अवसर पर बैठक में एडवोकेट नवेदुर्रहमान, डा. नफीस अहमद, मुफ्ती सदाकत, साबिर सलमानी, डा. नफीसुर्रहमान, डा. अकरम अंसारी, पूर्व सभासद नसीम कुरैशी, सरफराज सैफी, ज़ियाउर्रहमान, सैय्यद अम्मार रजा, फिरोज अहमद, जाहिद हुसैन, नौशाद अख्तर, आसिफ मंसूरी सहित कई कमेटी सदस्य और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## हैंडीक्राफ्ट कारोबारी बाबू इश्तियाक भाई का इंतकाल, नगर में शोक की लहर

**नगीना (चिंगारी)।** कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष एवं प्रमुख हैंडीक्राफ्ट कारोबारी इश्तियाक अहमद उर्फ बाबू भाई का शनिवार की रात्रि हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया, वह करीब 70 वर्ष के थे।



नगर के मोहल्ला लाल सराय गन्ना समिति रोड पर रहने वाले इश्तियाक अहमद उर्फ बाबू भाई की गिनती नगर के प्रतिष्ठित एवं बड़े हैंडीक्राफ्ट कारोबारी में होती थी। हंसमुख स्वभाव के धनी एवं जिंदा दिल इंसान इश्तियाक अहमद उर्फ बाबू भाई के अचानक निधन का समाचार लोगों के कानों तक पहुंचा तो यकायक विश्वास नहीं हुआ। परिजनों की मानें तो शुक्रवार की रात्रि व नमाज पढ़ने के बाद तथा तराबी पढ़कर वह घर लौटे थे तथा कुछ देर बाद ही उनकी तबीयत खराब हुई और निधन हो गया। उनके निधन का समाचार सुनने के बाद चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील, चेयरपर्सन के पुत्र शेख सहराज खलील, नगीना डेवलपमेंट हैंडीक्राफ्ट संगठन के अध्यक्ष इरशाद अली मुल्तानी, अग्रणी काष्ठ कला उद्यमी जुल्फिकार आलम, जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती ओवैस अकरम, हैंडीक्राफ्ट कारोबारी खुर्शीद अहमद कुरैशी, शिक्षाविद परवेज आदिल माही, शेख जमशेद, साहू सुयश अग्रवाल, अविरल मित्तल, खालिद निसार, बदर मुनीम, आफताब मुल्तानी, काजी अरशद मसूद, अरशद प्रिंस आदि ने शोक व्यक्त किया।

## विवेक विश्वविद्यालय के छात्रों ने किया लोक अदालत का भ्रमण

**बिजनौर (चिंगारी)।** स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज के छात्र/छात्राओं ने विवेक विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय लोक अदालत का भ्रमण किया। छात्र/छात्रायें एसो. प्रोफेसर डा. अरविन्द कुमार के नेतृत्व में जिला न्यायालय पहुंचे तथा राष्ट्रीय लोक अदालत में समझौते के आधार पर



मुकदमों का निस्तारण होने की प्रक्रिया का अवलोकन किया। छात्र/छात्राओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और वरिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा बैंक, बिजली विभाग और पारिवारिक आदि मामलों में वैकल्पिक विवाद निस्तारण प्रणाली के अन्तर्गत विवादों के त्वरित निपटारे के बारे में समझाया गया, जिससे न्यायालयों पर मुकदमों की संख्या का दबाव कम होता है। डीन डा. राजीव कुमार चौधरी ने कहा कि इस विजिट से छात्र/छात्राओं के प्रयोगात्मक ज्ञान में वृद्धि होगी। छात्र/छात्राओं के साथ प्राची त्यागी, विक्रान्त कुमार, प्रिया शर्मा आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

## जुर्माना अदा कर क़ैदियों को जेल से रिहा कराया

**बिजनौर (चिंगारी)।** ऑल इंडिया पयामे इंसानियत यूनिट नगीना, स्योहारा की ओर से मुरादाबाद जेल में बंद दो कैदियों जिनमें पिंटो शर्मा निवासी धामपुर और शादाब अहमद निवासी मेरठ को उनका जुर्माना जमा कर जेल से रिहा कराया गया। इस मौके पर मौलाना अरशद हक्की ने बताया कि ऑल इंडिया पयामे इंसानियत फोरम उन कैदियों को जेल से रिहा कराने में मदद करती है, जो अपनी सजा पूरी होने के बाद उन पर लगे जुर्माने को अपनी मजबूरी की वजह से जमा नहीं कर पाते। ऑल इंडिया पयामे इंसानियत फोरम पूरे भारत और उत्तर प्रदेश के जेल प्रशासन से मिलकर ऐसे लोगों की लिस्ट तैयार कर बिना धर्म, भेदभाव उनका जुर्माना अपनी ओर से जमा कर उनको एक शरीफ और अच्छा नागरिक बनने का मौका देती है।



## ग्राम खारी में ईदगाह जाने वाले रास्ते पर एक साथ 6 पशुओं के शव मिलने से सनसनी

**झालू (चिंगारी)।** नगर के निकटवर्ती ग्राम खारी में ईदगाह वाले रास्ते में जंगल में खाली पड़ी जमीन पर शनिवार को चार गाय, एक भैंस और एक घोड़े के शव पड़े मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। एक साथ इतने पशुओं के शव मिलने की खबर से ग्रामीणों में भी तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। इन मृत पशुओं को जेसीबी से गड्ढा खोदकर वहीं पर दबा दिया गया। इन पशुओं के ऐसे वहां मृत अवस्था में मिलने के सही कारणों का पता नहीं लग सका है।

ग्रामीणों के अनुसार शनिवार को कुछ लोगों की नज़र ईदगाह से कुछ दूरी पर स्थित एक खाली प्लॉट पर पड़ी, जहां कई पशु मृत अवस्था में पड़े हुए थे और शव सड़ने लगे थे।

घटना की सूचना मिलने पर करणी सेना के जिला उपाध्यक्ष दीपक सैनी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। उन्होंने प्रशासन से पशुओं की मौत के कारणों की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों ने आशंका जताते हुए कहा कि एक साथ इतने पशुओं का मृत मिलना संदिग्ध प्रतीत होता है। उन्होंने पुलिस व पशु चिकित्सा विभाग से मामले की तत्काल जांच कराने की मांग की है। मौके पर झालू चौकी पुलिस ने पहुंचकर जेसीबी की मदद से गड्ढा खोदकर मृत पशुओं को दबवाया। इस दौरान मौके पर करणी सेना के राजा कश्यप, निखिल, अजय, जोनी, देव, नानू, करन, काशी, विशेष, आशु, शरण, तरुण, अनमोल, गोलू, अभिषेक, सुंदर, कवित शर्मा, हिमांशु धीमन, काले और शिवा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# रामगंगा बांध खण्ड में भ्रष्टाचार का बोलबाला

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** रामगंगा बांध खंड कालागढ़ में कथित भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों ने एक बार फिर सिंचाई विभाग की कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े कर दिये हैं। हैरानी की बात यह है कि विभागीय अधिकारियों द्वारा निरीक्षण और टिप्पणियां किए जाने के बावजूद यहां बड़े स्तर पर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप लगातार सामने आ रहे हैं। सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त दस्तावेजों ने भी इन आरोपों को और अधिक बल दे दिया है, जिससे पूरे मामले की गंभीरता और बढ़ गई है।

रामगंगा बांध खंड कालागढ़ में कराए जा रहे विभिन्न कार्यों में लंबे समय से भारी अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की शिकायतें उठती रही हैं। आरोप है कि विभागीय नियमों और तय मानकों को दरकिनार कर कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका जताई जा रही है। सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त दस्तावेजों में भी कई ऐसे तथ्य सामने आए हैं, जो इन अनियमितताओं की ओर स्पष्ट संकेत करते हैं। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब विभाग के अधीक्षण अभियंता की मौजूदगी में कार्यों का निरीक्षण हो चुका है और निरीक्षण टिप्पणियां भी जारी की जा चुकी हैं, तब भी यदि भ्रष्टाचार के आरोप लगातार सामने आ रहे हैं तो आखिर इसकी जिम्मेदारी किसकी तय होगी। स्थानीय लोगों और जानकारों का कहना है कि यदि उच्च्च अधिकारी स्वयं मौके का निरीक्षण कर चुके हैं तो इसके बावजूद अनियमितताओं की शिकायतें सामने आना यह दर्शाता है कि या तो जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई करने में ढिलाई बरती जा रही है या फिर उन्हें किसी स्तर पर संरक्षण प्राप्त है।



लाखों रुपए में किया गया लंका टापू का सुरक्षा कार्य।



8 लाख 31 हजार रुपए में किया गया लॉन का विकास कार्य।

यह बात भी सामने आ रही है कि विभाग में तैनात एक सहायक अभियंता (एई) जिनका शीघ्र ही सेवानिवृत्त होना प्रस्तावित है, कथित रूप से इन विवादित कार्यों को लेकर सवालों के घेरे में हैं। आरोप है कि उनके कार्यकाल के दौरान कई ऐसे काम कराए गए जिनमें अनियमितताओं की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय स्तर पर इसे लेकर चर्चा तेज है। सूचना के अधिकार में प्राप्त दस्तावेजों ने भी कई ऐसे सवाल खड़े कर दिये हैं जिनका अब तक स्पष्ट उत्तर सामने नहीं आया है। ऐसे में यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर किसके संरक्षण में यह कथित भ्रष्टाचार फल-फूल रहा है और अब तक जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की गई। जानकारों का मानना है कि यदि इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्च्च स्तरीय जांच कराई जाए तो कई चौकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं।

### क्या कहना है इनका

जिसने गलत किया होगा, वह जांच के दौरान उसका भुगतान स्वयं करेगा।

**–अधीक्षण अभियंता कालागढ़, संजीव झा**

## धूमधाम से मनाया जायेगा श्री हनुमान जन्मोत्सव



**किरतपुर ( चिंगारी )।** विश्व प्रसिद्ध श्री हनुमान धाम के संस्थापक प्रदीप चौहान पत्रकार ने चिंगारी को बताया कि आगामी 2 अप्रैल को श्री हनुमान धाम पर हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर 1 अप्रैल की सुबह से अखंड रामायण का पाठ शुरू होगा, जो 2 अप्रैल के दिन दोपहर 12 बजे समापन होगा, फिर हवन-पूजन होगा तथा रात्रि 7 बजे से हनुमान भजन संध्या व मनमोहक झांकियां और हनुमान रूप सज्जा प्रतियोगिता होगी तथा रात्रि 12 बजे आरती व प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## यूपी एसआई भर्ती परीक्षा : एक प्रश्न में 'पंडित' शब्द विकल्प में होने से उठा विवाद, जांच के आदेश

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) भर्ती परीक्षा के पहले दिन पूछे गए एक प्रश्न को लेकर सोशल मीडिया पर विवाद खड़ा हो गया है। सामान्य हिंदी के एक प्रश्न में दिए गए विकल्पों में 'पंडित' शब्द शामिल होने पर आपत्ति जताई जा रही है। मामला सामने आने के बाद प्रदेश की राजनीति भी गरमा गई है और सरकार ने इसकी जांच के निर्देश दे दिये हैं। दरअसल परीक्षा में पूछा गया था कि अवसर के अनुसार बदलने वाले के लिए एक शब्द लिखिए। इसके लिए चार विकल्प दिए गए थे, जिनमें सदाचारी, पंडित, अवसरवादी और निष्कपट शामिल थे। तीन विकल्प किसी व्यक्ति के गुण या अवगुण से जुड़े माने जा रहे हैं, जबकि 'पंडित' शब्द को एक जाति विशेष से जोड़कर देखा जा रहा है। प्रश्नपत्र का यह हिस्सा परीक्षा के बाद सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसके बाद इसे लेकर विवाद शुरू हो गया। मामले पर कड़ा रुख अपनाते हुए उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सरकार ने इस घटना को बेहद गंभीरता से लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि परीक्षा में किसी भी ऐसे प्रश्न या विकल्प का होना स्वीकार्य नहीं है।


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।




एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम अब धामपुर में खुलने जा रहा है
आवश्यकता है-
मैनेजर, सेल्समैन, मैकेनिक
मो. 9119766026

25 हजार तक की डिस्काउंट

आवश्यकता है
*वर्कशॉप सुपरवाइजर
*मैकेनिक

*नियम व शर्तें लागू

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# परीक्षार्थियों को खुले में रात गुजारनी पड़ी

बिजनौर (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश पुलिस उप निरीक्षक (दरोगा) भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन खराब मौसम के कारण परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दूर-दराज जिलों से परीक्षा देने पहुंचे कई अभ्यर्थियों को शहर में ठहरने की व्यवस्था न मिलने के कारण रेलवे स्टेशन और रोडवेज बस स्टैंड पर ही रात गुजारनी पड़ी।

दरअसल, परीक्षा में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में अभ्यर्थी बस और ट्रेन के माध्यम से बिजनौर पहुंचे। शहर के होटल और धर्मशालाओं में कमरे पहले से ही भर चुके थे, जबकि जो कुछ कमरे उपलब्ध थे, उनके किराये बहुत अधिक बताए गए। ऐसे में कई परीक्षार्थी स्टेशन और बस अड्डों पर ही किताबें लेकर पढ़ाई करते और वहीं आराम करते दिखाई दिए।





अभ्यर्थियों का कहना था कि सरकार की ओर से परिवहन की व्यवस्था तो ठीक रही, लेकिन ठहरने के लिए व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई अभ्यर्थी 100 से 150 किलोमीटर दूर से परीक्षा देने आए थे।

सबसे अधिक परेशानी उन छात्राओं को हुई जो परीक्षा देने अपने अभिभावकों के साथ पहुंची थीं। रात में ठहरने की सुरक्षित व्यवस्था न होने के कारण उन्हें भी स्टेशन और बस अड्डों पर ही समय बिताना पड़ा।

खराब मौसम के बीच परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में भी अभ्यर्थियों को कठिनाई हुई, हालांकि इसके बावजूद बड़ी संख्या में परीक्षार्थी समय पर परीक्षा केंद्रों तक पहुंचे और परीक्षा में शामिल हुए।

## मालन नदी पर शीघ्र पूरा होगा डबल पोल निर्माण का कार्य

नजीबाबाद (चिंगारी)। मालन नदी में डबल पोल निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू कराने एवं 2025-26 में चल रहे विद्युत निर्माण कार्यों की जानकारी देने के लिए अधीक्षण अभियंता धामपुर एस के सिंह, अधिशासी अभियंता नजीबाबाद रामकुमार एवं उपखण्ड अधिकारी शंभुनाथ ने नजीबाबाद विधायक हाजी तसलीम अहमद के कार्यालय पहुंचकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मालन नदी में पोल लगाने के इस कार्य की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है एक या दो दिन में ही संबंधित ठेकेदार द्वारा कार्य शुरू कर दिया जाएगा। यह कार्य वर्षा का मौसम आने से पहले ही पूरा कर दिया जाएगा। जिसमे लगभग 2 माह का समय लगेगा। इस कार्य से क्षेत्र से जुड़े हजारों उपभोक्ताओं को सीधा फायदा पहुंचेगा। विधायक नजीबाबाद ने आने वाले वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी विद्युत समस्याओं को अधीक्षण अभियंता एसके सिंह के समक्ष रखा व नए विद्युत ट्रांसफार्मर, खराब विद्युत लाइन को बदलवाने को कहा।



## दुकान पर सामान के रेट को लेकर हुई कहासनी, व्यापारी के साथ की मारपीट

नगीना (चिंगारी)। किराना व्यापारी की दुकान पर सामान के रेट को लेकर हुई कहासुनी मारपीट में बदल गई। उत्तेजित हुए तीन युवाओं ने प्रतिष्ठित व्यापारी निर्मल जैन व उनके भतीजे नमन जैन के साथ दुकान में घुसकर जमकर मारपीट की। इस दौरान हमलावरों ने नमन का गला भी दबा दिया। मारपीट करने के बाद तीनों हमलावर मौके से अपनी गाड़ी छोड़कर भाग गए। नगर के मंडी मौलगंज में स्थित संजय जैन की तिरुपति ट्रेडर्स के नाम से किराने की एक बड़ी दुकान है। बताया जाता है कि कुछ लोग कई दिन पूर्व कुछ सामान इस दुकान से खरीद कर ले गए थे। रविवार की सुबह तीनों युवक सामान को महंगा बताते हुए संजय जैन के पुत्र नमन जैन से बदतमीजी करने पर उतारू हो गए। इसी दौरान बराबर में बैठे नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी निर्मल जैन भी मौके पर पहुंच गए। तीनों युवकों ने दोनों के साथ जमकर मारपीट करते हुए नमन का गला भी दबा दिया। इस दौरान आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए तो तीनों हमलावर मौके से अपनी कार छोड़कर भाग गए। सरे बाजार एक प्रतिष्ठित किराना व्यापारी के साथ मारपीट की घटना से व्यापारियों में आक्रोश फैल गया। काफी संख्या में व्यापारी थाने पहुंचे तथा घटना की जानकारी पुलिस को देते हुए अपनी नाराजगी जताई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को पकड़ लिया। तीन आरोपी बढ़ापुर के बताए जा रहे हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी का कहना है कि हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।




व्यापारी के साथ मारपीट की घटना के बाद मौके पर जमा भीड़।

## देश में गैस व पेट्रोल की कमी नहीं, अफवाहों पर ध्यान न दें: पंकज बिश्नोई

नजीबाबाद (चिंगारी)। अभिभावक वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष एवं नवनिर्वाचित नजीबाबाद बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष पंकज बिश्नोई एडवोकेट ने पेट्रोल, गैस पर चर्चा की चर्चा करते हुए बताया कि भारतवर्ष में कहीं पर भी गैस, डीजल व पेट्रोल की कोई कमी नहीं है, इनकी भरपूर सप्लाई की जा रही है, लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अफवाह फैलाई जा रही है, कुछ जमाखोर भी इसे हवा देने का पूरा प्रयास कर रहे हैं। पंकज विश्नोई ने कहा कि वह प्रत्येक शहर के पूर्ति अधिकारी, उप जिलाधिकारी व पुलिस प्रशासन से निवेदन करते हैं कि जहां पर भी पेट्रोल पंप अथवा गैस गोदाम पर भीड़ लगी हुई है वहां पर मौजूद व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए उनके घरों पर छापा मारकर जिन लोगों के घरों में पेट्रोल व गैस सिलेंडर जमा मिले उन्हें सीज किया जाए क्योंकि कुछ असामाजिक तत्व गली मौहल्ले में शोर मचाते हैं कि गैस की कमी है, जिससे साधारण लोग भी सारा काम छोड़कर घरों में कम से कम 20 से 25 दिन की गैस उपलब्ध रहने के बाद भी एक अन्य सिलेंडर लेने का प्रयास करते हुए उसे स्पेयर में रखने का प्रयास कर रहे हैं, जिस कारण गैस गोदाम पर लोगों की सिलेंडर लेने के लिए भीड़ लग रही है। जबकि गैस एजेंसी मालिकों द्वारा नियमानुसार गैस की होम डिलीवरी नियमित रूप से की जा रही है। उन्होंने शासन-प्रशासन से ऐसे असामाजिक तत्वों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। प्रशासन की इस कार्रवाई से गोदाम पर अनावश्यक रूप से सिलेंडर लेने वाले लोगों की भीड़ स्वत ही खत्म हो जाएगी तथा अफवाह का दौर भी समाप्त हो जाएगा। प्रशासन इस तरह की अफवाहों को रोकने के लिए सामाजिक संस्थाओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी आदेशित करें कि वह असामाजिक तत्वों की जानकारी तुरंत प्रशासन को उपलब्ध कराये।

## गुलदार के बछड़े पर हमला कर मार डालने से दहशत

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम खलीलपुर में भैंस के बछड़े पर गुलदार ने हमला कर उसे मार डाला। जिससे गांव में दहशत का माहौल बन गया। खलीलपुर में गुलदार ने नीटू की पशुशाला पर हमला कर वहां बंधी भैंस के लवारे को खींचकर ले जाकर उसे मार डाला। जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई। पूर्व में गुलदार गांव में कई पशुओं को अपना निशाना बना चुका है। ग्रामीणों कलवा सिंह, सतीश, ब्रह्मपाल, मुन्ने, पुखराज, पप्पू, वीर सिंह, हरपाल व नरपाल ने बताया कि पूर्व में गुलदार गांव से एक पशु को उठाकर ले गया था, जो बाद में पेड़ पर टंगा मिला था। गांव में हर समय गुलदार का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है।

## मालन नदी में बिजली के खम्बे गिरने की समस्या जल्दी होगी हल: मंसूरी

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर पंचायत साहनपुर के चेयरमैन व आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मण्डल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी ने बताया कि मालन नदी में हर बरसात में बिजली के खम्बे गिरने से क्षेत्रवासियों के सामने आ रही बिजली की समस्या को देखते हुए उनके द्वारा वर्ष 2018 से लगातार इसका समाधान कराने का प्रयास किया जा रहा था। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने इस महत्वपूर्ण मुद्दे को बैठक में प्रमुखता के साथ उठाया था। जिसके बाद विभागीय स्तर पर इस समस्या के हल का प्रयास तेज हुआ था। श्री मंसूरी ने बताया कि उन्हें बिजली विभाग के एक्सईएन रामकुमार परमार ने बताया कि इस कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। जल्दी ही मालन नदी में पोल गिरने की समस्या के समाधान के लिए कार्य शुरू हो जाएगा। जिससे क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

# गढ़वावाला में बिना अनुमति मूर्ति स्थापना को पुलिस ने रोका

## दोनों मूर्तियों को थाने ले गई पुलिस

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। कोतवाली अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम हीरापुर गोकल उर्फ गढ़वावाला में बाबा लक्ष्मीदास-बाबा भूमिदास के थले पर की जा रही उन्हीं की मूर्तियों की स्थापना को पुलिस ने रोक दिया और पुलिस दोनों मूर्तियों को थाने ले गई। गढ़वावाला में बाबा लक्ष्मीदास-बाबा भूमिदास का पुराना थला है जहां प्रतिवर्ष मेला भी लगता है। यहां प्रतिवर्ष की भांति कुछ दिनों पूर्व भी वार्षिक मेला लगा था। जिला पंचायत सदस्य पति थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम भगतावाला निवासी भाकियू (टिकैत) के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान ग्रामीणों के साथ मिलकर आज यहां बाबा लक्ष्मीदास व बाबा भूमिदास की मूर्तियां स्थापित कर रहे थे कि सूचना पाते ही अफजलगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और बिना अनुमति मूर्ति स्थापना को रोकते हुए दोनों मूर्तियां थाने ले गई। ग्रामीण बॉबी चौहान आदि ने बताया कि मूर्तियों की स्थापना को लेकर गांव में किसी भी व्यक्ति को कोई एतराज नहीं है। बॉबी ने बताया कि शैलेंद्र चौहान ने कुछ दिनों पूर्व यहां मूर्ति स्थापना बोली थी जिसके अनुसार वह यहां आज ग्रामीणों के साथ मिलकर दोनों मूर्तियां स्थापित कर रहे थे। बॉबी चौहान का कहना है कि कोई एतराज़ न होने के बावजूद भी पुलिस द्वारा मूर्ति स्थापना को रोकने और मूर्तियों को थाने ले जाने से ग्रामीणों में रोष है। उधर थानाध्यक्ष अफजलगढ़ विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि बिना अनुमति मूर्तियों की स्थापना को रोका गया है और दोनों मूर्तियों को थाने लाया गया है। विजेंद्र सिंह राठी का कहना है कि बिना अनुमति मूर्तियों की स्थापना उचित नहीं है। फिलहाल इस प्रकरण को लेकर गांव में पुलिसकर्मी तैनात हैं और पूर्ण रूप से शांति है।

# खत्म शरीफ के मौके पर मस्जिद के इमाम व हाफिज सम्मानित



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली निवासी आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी शाहबुद्दीन मकरानी ने मुकद्दस रमजान के मौके पर मस्जिद के इमाम व हाफिज को सम्मानित किया। रमजान के पवित्र महीने में क्षेत्र की सभी मस्जिदों में इबादत की जा रही है। ग्राम पंचायत सराय आलम में पवित्र माह रमजान पाक महीने में इबादतों का सिलसिला जारी है। इस क्रम में क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदो में कुराने पाक मुकम्मल होने पर खत्म ए शरीफ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कुरान पाक की तिलावत करने वाले मस्जिद के इमाम व हाफिज का शाहबुद्दीन मकरानी ने माला पहनाकर स्वागत कर उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर मस्जिद कमेटी के पदाधिकारी व काफी संख्या में नमाजी मौजूद रहे।

# डॉ. सलमान भारती ने किया नहटौर का नाम रोशन



**मुरादाबाद/बिजनौर (चिंगारी)।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी मुरादाबाद के होनहार स्टूडेंट डॉ. सलमान भारती ने बैचलर ऑफ साइंस इन रेडियोलॉजिकल इमेजिंग की उपाधि एवं मैडल दीक्षांत समारोह में श्री जगत प्रकाश नड्डा (जेपी नड्डा) केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री और रसायन एवं उर्वरक मंत्री भारत सरकार व उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं वित्तमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सुरेश खन्ना के हाथों से प्राप्त किया। तूफ़ानी क़ाफ़िला एक्सप्रेस अखबार के संस्थापक स्व. डॉ. शमशाद भारती के होनहार बेटे डॉ. सलमान भारती ने अपने परिवार व ज़िले का नाम रोशन किया। डॉ. सलमान भारती ने बैचलर ऑफ साइंस इन रेडियोलॉजिकल इमेजिंग में 92.70 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी मुरादाबाद के कुलाधिपति सुरेश जैन व विश्वविद्यालय के स्टाफ ने डॉ. सलमान भारती को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।



# कांताप्रसाद पुष्पक डाक्टरेट की उपाधि से सम्मानित

**स्योहारा (चिंगारी)।** आरएसपी इंटर कॉलेज के वरिष्ठ विज्ञान अध्यापक कान्ताप्रसाद पुष्पक को मैजिक बुक ऑफ़ रिकॉर्ड फाउंडेशन फरीदाबाद हरियाणा द्वारा उनके शिक्षा और समाज सेवा में महत्वपूर्ण योगदान के लिए ऑनरारी मानद उपाधि डॉक्टरेट से सम्मानित किया गया है। श्री पुष्पक आरएसपी इंटर कॉलेज में 1992 से विज्ञान अध्यापक के रूप में कार्यरत हैं और रोटरी अंतरराष्ट्रीय मण्डल 3100 रोटरी क्लब स्योहारा में महत्वपूर्ण सेवाएं दे रहे हैं। उनके कार्यों का आंकलन करने के बाद फाउंडेशन द्वारा उन्हें फरीदाबाद में एक भव्य कार्यक्रम में संस्था के द्वारा मानक उपाधि डॉक्टरेट से सम्मानित किया गया है। संस्था द्वारा उन्हें विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम पैनल में स्थान दिया गया।

### आज का विचार

# हमारा सिलेंडर आ गया: तुम्हारा आया क्या ?



-सत्यराज

आज सुबह मैं दूध लेकर जब अपनी गली में पहुंचा तो हमारी मैडम मकान की रेलिंग पर खड़े होकर सामने वाली पड़ोसन से बात कर रही थीं, भाभी जी हमारा सिलेंडर तो कल आ गया, आपका आया या नहीं। पड़ोसन बोली, मेरा तो परसों ही आ गया था, लेकिन कल चिंटू के पापा एक ब्लैक में भी खरीद लाए, पता नहीं सिलेंडर की मारामारी कब तक चलेगी। हमें तो अब 2 महीने तक चिंता है न। तुम तो भाभी जी बहुत होशियार निकलीं, मैंने तो अपने पति से कहा तो मुझे डांट लगा दी, बोले अपने नंबर से लेंगे सिलेंडर, कोई ऑफत थोड़ी आ रही है। दोनों पड़ोसन की बातें सुनता हुआ, मैं अपने घर में प्रवेश कर जाता हूं। पत्नी नीचे आकर कहने लगी- क्यों जी एक सिलेंडर का और इंतजाम करके रख लो पता नहीं.....



क्या पता नहीं, पत्नी की बात बीच में ही काटता हुआ मैं बोला, बस पड़ोसन ने जरूरत से ज्यादा सिलेंडर, वह भी ब्लैक में खरीद लिये तो तुम्हें भी बेचैनी हो गई। सुनो देश में रसोई गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है। हड़बड़ाओ मत, सिस्टम से ही सिलेंडर को आने दो। बुक कर लेना दो-तीन दिन में आ जाएगा। अजी सिस्टम वाला तो कल आ गया। मैं तो कह रही थी कि बस एक सिलेंडर और .....

-चुप रहो। एक-डेढ़ महीने तक तो तुम्हें अब गैस नहीं चाहिए। इतने समय में व्यवस्था और ठीक हो जाएगी। फिर हमारे दूसरे सिलेंडर का नंबर भी आ जाएगा, ले लेना। दोस्तों यह बात दो पड़ोसन की ही नहीं है, देश की लाखों, करोड़ों पड़ोसनों में सिलेंडरों को लेकर बेचैनी चल रही है। आप लोग उन्हें समझा सकते हैं, नियम से बाहर जाकर भी अंधाधुन बुकिंग न कराएं। एजेंसी पर जाकर भीड़ न लगे। जानते हैं देश में रोजाना 55 लाख सिलेंडर बुक होते हैं, लेकिन बीते तीन-चार दिनों में यह संख्या 85 से 88 लाख तक पहुंच गई है, यानी जरूरत से 70 प्रतिशत अधिक। यानी कृत्रिम मांग खड़ी कर दी गई। ऐसे में सिस्टम फेल न हो तो क्या हो। धैर्य से काम लें। वैश्विक परेशानी का सामना संयुक्त से ही किया जा सकता है। बस अपने नंबर पर सिलेंडर लेते रहें। समस्या हमारी है और समाधान हमारे हाथ में है, तो इतना तो हम कर ही सकते हैं। बाकी सिस्टम और सरकार तो अपनी जिम्मेदारी कर ही रही है।

# जुमे की नमाज़ के लिए तिलकराज ने अपनी दुकान खोल दी!

-हिन्दुस्तानी



..सोशल मीडिया से

तस्वीर में पुलिस और लोगों के बीच तिलक लगाए जो शख्स खड़े हैं, वह तिलकराज हैं... तिलकराज कोई नेता-कार्यकर्ता, विद्वान या बुद्धिजीवी नहीं हैं, एक मामूली व्यापारी हैं जो उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में पारचून की दुकान चलाते हैं.. वहीं उत्तराखंड, जिसे संघ-भाजपा की सरकार हिंदुत्व का नया प्रयोगशाला बनाने की कोशिशों में लगी हुई है...

और, जब हुकूमत से लेकर हाकिम-हुक्काम तक, हिंदू-मुस्लिम के नाम पर समाज में दरारें पैदा करने पर आमादा हों ... रमज़ान के इस मुक़द्दस माह में नमाज़ अदा करने या न करने पर फरमान जारी कर रहे हों, तब तिलकराज जैसे लोगों की बातें की जानी ज़रूरी हो जातीं हैं जो इन नफ़रती फरमानों को ठोकर मारते हुए मोहब्बत और इंसानियत का पैग़ाम पेश करने की कोशिश कर रहे हैं।

वाकया महज़ इतना-सा है कि, इस रमज़ान जब 'अलविदा जुमा' की नमाज़ का वक्त हुआ तो देहरादून के बाज़ार की सड़कें रोज़ेदारों से भरने लगीं 'भीड़ नियंत्रण' के नाम पर पुलिस थोड़ी-बहुत ज्यादती करने लगी और जब रोज़ेदारों को नमाज़ अदा करने की जगह नहीं मिली, तब तिलकराज ने ख़रीद-बिक्री बंद कर, अपनी दुकान के दरवाज़े नमाज़ियों के लिए खोल दिये, उन्होंने कहा-- 'इबादत के लिए उनकी दुकान हमेशा खुली है।'

तिलकराज की इस पहल की देहरादून में काफी तारीफ़ें हो रहीं हैं। लोकल यू-ट्यूब चैनल True Media House से बातचीत में वह कहते हैं- 'जो दिखाई नहीं देता उसके पीछे भागते हो ... अरे उसके जो बंदे हैं उसे तो संभाल लो... रब तो तुम्हारे सामने खड़ा है !'

# महिलाओं को करना है अपना विकास तो स्वयं करना होगा प्रयास

## राष्ट्रीय सेमीनार का समापन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** डॉ. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार में आई सीएसएसआर एवं उत्तराखंड सरकार द्वारा प्रायोजित 'माइक्रो फाइनेंस फॉर वूमेन इंपावरमेंट एंड रिडक्शन इन रूरल आउट माइग्रेशन : माइक्रो एविडेंस फ्रॉम उत्तराखंड स्टेट' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का शनिवार को समापन हो गया।

सेमिनार के टेक्निकल सेशन में शहीद भगत सिंह कॉलेज दिल्ली से आए प्रोफेसर डी.डी. चतुर्वेदी ने कहा कि किसी सहारे का इंतजार किए बिना महिलाओं को अपने विकास के लिए स्वयं प्रयास करना चाहिए।। उन्होंने सूक्ष्म वित्त को महिला उत्थान हेतु शक्तिशाली साधन बताया। समापन सत्र में मुख्य अतिथि उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने अपने संबोधन में सशक्त उत्तराखंड के निर्माण हेतु सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता को निचले तबके तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने संस्कार, संस्कृति और इतिहास पर जोर देते हुए कहा कि जब परिवार सही होगा तभी आप अपनी सामाजिक जिम्मेदारी सही तरीके से निभा सकते हैं।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डीएस नेगी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं को समानता एवं स्वतंत्रता देने के साथ-साथ महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण बदलना जरूरी है। उन्होंने उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों से पलायन को रोकने के लिए वहां के विकास पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पहाड़ी अर्थव्यवस्था के विकास हेतु लघु एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देना अतिआवश्यक है। तत्पश्चात सेमिनार की समन्वयक प्रो. प्रीति रानी ने दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार की प्रगति आख्या प्रस्तुत की।

सेमीनार में प्रोफेसर बसंतिका कश्यप, प्रो. आरएस चौहान, प्रो. आदेश कुमार, प्रो. राखी डिमरी, डॉ. प्रवीण जोशी और अरविंद दुदपुड़ी सहित समस्त प्राध्यापक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।



सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद
शहज़ाद अहमद
जिला महासचिव बिजनौर
( आजाद समाज पार्टी कां. )
पूर्व चेयरमैन, झालू न.पा. ( बिजनौर )
सम्भावित प्रत्याशी 22-विधानसभा, बिजनौर
पच्चीसवां रोजा : रविवार, 15 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:28, शिया 6:38
छब्बीसवां रोजा : सोमवार, 16 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:02, शिया-4:56

शहजाद अहमद


# कांस्टेबिल पद पर चयनित युवकों को सम्मानित किया



**लालढांग ( चिंगारी )।** लालढांग में दिशा कोचिंग सेंटर से कोचिंग कर रहे छः छात्रों ने उत्तराखंड पुलिस में कांस्टेबल पद पर सफलता अर्जित कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शनिवार को दिशा कोचिंग सेंटर में लालढांग क्षेत्र के उत्तराखंड पुलिस भर्ती में सफलता प्राप्त करने वाले युवाओं के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में पहुंचे अतिथियों में जिला पंचायत सदस्य बृजमोहन पोखरियाल, ग्राम प्रधान लालढांग सुनील बिष्ट, ग्राम प्रधान कमलेश द्विवेदी, शाखा प्रबंधक उत्तराखंड ग्रामीण बैंक लालढांग, पुलिस चौकी इंचार्ज सुभाषचंद्र ज़खमोला द्वारा उत्तराखण्ड पुलिस भर्ती में सफल अभ्यर्थियों को सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

पुलिस भर्ती में सफलता प्राप्त करने वाले क्षेत्रीय अभ्यर्थियों में फरियाद- ग्राम मिट्टी बेरी लालढांग, हिमांशु सैनी कटेबड़ लालढांग, अरुण मोहल्ला पूरी लालढांग स्थाई निवास ऋषिकेश, ललित गैडीखाता, अंकुश गैडीखाता, रोहित गैडीखाता, प्रियांशु परमार गैडीखाता, सुखविंदर दूधला दयाल उर्फ टाटवाला ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा उनकी इस सफलता का श्रेय उनके गुरुजनों द्वारा सही मार्गदर्शन, अथक प्रयास, कड़ी मेहनत के साथ ही परिवारजनों का अटूट विश्वास से मुकाम हासिल हुआ।

वहीं दिशा कोचिंग सेंटर के संचालक व कोच अवतार सिंह राणा ने कहा की कोचिंग सेंटर के छह छात्रों का चयन दिशा कोचिंग सेंटर के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्र म में दिशा कोचिंग अवतार सिंह राणा,जितेंद्र सैनी, छत्तर सैनी, आकाश शर्मा व क्षेत्रीय लोगों के साथ ही दिशा कोचिंग सेंटर के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# हेलमेट पहने बिना दुपहिया चालकों के एम्स में प्रवेश पर प्रतिबंध

## पीछे बैठी सवारी के लिये भी हेलमेट अनिवार्य



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** वीरभद्र मार्ग पर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश परिसर में दुपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के एम्स परिसर में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। यह नियम अस्पताल आने वाले लोगों के लिए ही नहीं, एम्स संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों के लिए भी सामान्य रूप से लागू होगा। एम्स निदेशक प्रोफेसर मीनू सिंह ने जनसुरक्षा को ध्यान रखते हुए यह नियम लागू किया है। जारी निर्देश के अनुसार दो पहिया वाहन चलाने वाले के साथ पीछे बैठने वाले व्यक्ति के लिए भी हेलमेट पहनना अनिवार्य है। इस नियम का पालन करने के लिए एम्स में तैनात सुरक्षा कर्मचारियों को निर्देश दिये हैं कि एम्स परिसर में वाहनों की अधिकतम गति 20 किलोमीटर प्रति घंटा तय कर दी गई है। इस संबंध में मोटर व्हीकल एक्ट का हवाला देते हुए आदेश जारी किया गया है। निर्देशों का पालन न करने वाले व्यक्तियों को एम्स परिसर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी डॉक्टर श्री लॉय मोहिती ने आदेश की पुष्टि करते हुए कहा है कि एम्स में गंभीर मरीजों का आना-जाना लगा रहता है, कई बार एम्स परिसर में ही घटनाएं हो चुकी हैं। सभी की सुरक्षा को देखते हुए यह नियम एवं परिसर में लागू किया गया है। हेलमेट पहनना सभी के लिए अनिवार्य है, हेलमेट पहनकर आप खुद भी सुरक्षित हो सकते हैं।

# घमंडपुर में नगर निगम की शाखा खोलने की मांग

## पार्षदों ने महापौर व नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के वार्ड नं. 29 के पार्षद अमित नेगी सहित भाबर क्षेत्र के अन्य पार्षदों ने घमंडपुर में नगर निगम का शाखा कार्यालय खोलने की मांग की है। इस संबंध में शनिवार को महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत और नगर आयुक्त पीएल शाह को सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में भाबर क्षेत्र की जनता को कई कार्य करवाने के लिए मुख्य बाजार स्थित नगर निगम कार्यालय आना पड़ता है, जिसमें उनका धन व समय बर्बाद होता है। भाबर क्षेत्र के मध्य स्थान घमण्डपुर में शाखा कार्यालय खुलने से भाबर क्षेत्र के लगभग 14 वार्डों की जनता को नगर निगम संबंधी कार्यों के लिए बाजार नहीं आना पड़ेगा और उनका समय एवं धन बचेगा। ज्ञापन में महापौर व नगर आयुक्त से इस संबंध में सकारात्मक कार्रवाई करने की अपील की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में पार्षद श्रीधर प्रसाद बेदवाल, हिमांशु वर्मा और जगदीश प्रसाद बहुखंडी शामिल रहे।


चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942


# प्रशासन के दावे से अलग है कुकिंग गैस की हकीकत

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** एक ओर जहां प्रशासन कोटद्वार में रसोई गैस का संकट नहीं होने की बात कह रहा है, वहीं हकीकत कुछ और ही दिखा रही है। शनिवार को सुबह से ही गैस एजेंसियों के बाहर उपभोक्ताओं की लम्बी लाइन लगी नजर आई। उपभोक्ताओं का कहना था कि गैस बुकिंग के लिए जो नंबर जारी किया गया है, वह काम नहीं कर रहा है। ऐसे में वे रसोई गैस के लिए लाइन में लगने पर मजबूर हैं।


कोटद्वार में गैस एजेंसियों के बाहर लगी उपभोक्ताओं की लाइन।

बतातें चलें कि पश्चिम एशिया में जारी जंग के कारण के चलते उत्तराखंड में रसोई गैस का संकट बना हुआ है। हालांकि प्रशासन ने गैस एजेंसियों को हिदायत दी है कि आम उपभोक्ताओं को किसी तरह की दिक्कत न हो, इसके बावजूद लोगों को समय गैस नहीं मिल रही है।

इस संबंध में एसडीएम संदीप कुमार ने बताया कि कोटद्वार व दुगड्डा के समस्त एजेंसी संचालकों को व्यवस्था सुचारू बनाए रखने की हिदायत दी गई है। उधर सिद्धबली गैस एजेंसी की संचालिका अनीता आर्य ने बताया कि गैस एजेंसियों के पास पर्याप्त मात्रा में गैस उपलब्ध है। इस संबंध में लोगों को सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करने की आवश्यकता है।


रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# हल्की बारिश से मौसम हुआ सुहाना, गन्ने की बुआई बंद

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** आज सुबह तीन-साढ़े तीन घंटे तक हल्की बारिश होने से गन्ने की बुआई और छिलाई का कार्य बंद हो गया। बारिश से हाल ही में बोये गये गन्ने का जमाव भी प्रभावित होने की आशंका है। तेज हवा चलने तथा बारिश होने से मौसम में भी ठंडक रही। बादल लगातार छाये हुए थे। कल शाम से मौसम थोड़ा-थोड़ा बदलना शुरू हो गया था। आसमान में बादल छाने शुरू हो गये थे। बीती रात्रि बादल घने हो गये थे, जबकि आज तड़के के समय तेज हवायें चलनी शुरू हो गई थीं। तेज हवायें चलने के बाद आज सुबह लगभग 6 बजे बूंदाबांदी शुरू हो गई, फिर तीन-साढ़े तीन घंटे तक हल्की बारिश हुई। बारिश होने से गन्ने की बुआई रुक गई। जिन किसानों को आज गन्ने की बुआई करनी थी, वे परेशान दिखाई दिये। ज्ञातव्य है कि आजकल गन्ने की बुआई बहुत जोरों से चल रही है। उधर जिन किसानों ने हाल ही में गन्ना बोया है, बारिश से उन खेतों में जमाव प्रभावित होने की आशंका है। बारिश से खेत की मिट्टी की ऊपरी सतह जमकर कठोर हो जायेगी। पालेवा के बाद जो खेत जुताई के लायक हो गये थे, अब उनमें भी दो-तीन दिन बाद ही जुताई हो सकेगी। बारिश से गन्ने की छिलाई का कार्य भी बंद हो गया। तेज हवायें चलने व बारिश होने से आज सुबह मौसम ठंडा हो गया था। सुबह सवेरे लोग ठंड का अहसास कर रहे थे और हल्के गर्म कपड़े पहने हुए थे। समाचार दिये जाने के समय भी आसमान में बादल छाये हुए थे, तेज हवायें चल रही थीं और पुन: बारिश की संभावना बनी हुई थी।


आवश्यकता है

हल्दौर में एक प्रतिष्ठित फर्म के लिए कुशल हेल्पर और कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है।
योग्य व्यक्ति तुरंत संपर्क करें।
मो- 8191819148


महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज
मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234


आवश्यकता है
Hero
जे.पी. ऑटोमोबाइल्स
( हीरो मोटो कॉर्प शोरूम )
हल्दौर को सर्विस सुपरवाइजर की आवश्यकता है। हीरो की सभी गाड़ियों पर फाइनेंस की सुविधा न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
सम्पर्क करें- मो. 9359796698, 9528850309, 9634549679

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom

DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर


## रमज़ान में मंजूर अहमद ने बांटी एक हज़ार इफ्तार किट

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रमज़ान के पाक महीने में ग्राम फरीदपुर काजी उर्फ खेड़की में सामाजिक सौहार्द की मिसाल क़ायम करते हुए ग्राम प्रधान पद के उम्मीदवार मंजूर अहमद ने पूरे गांव के लोगों को इफ्तार किट वितरित की, जिसकी हर तरफ सराहना हो रही है। मंजूर अहमद द्वारा वितरित की गई इफ्तार किट में खजूर, संतरा, केला, अंगूर तथा अन्य खाने-पीने की सामग्री शामिल थी। रमज़ान के पवित्र महीने में रोज़ेदारों को इफ्तार के लिए यह सामग्री उपलब्ध कराने पर ग्रामीणों ने खुशी जताई और उनके इस कदम की प्रशंसा की। ग्रामीणों का कहना है कि मंजूर अहमद का यह प्रयास आपसी भाईचारे और इंसानियत का संदेश देता है। गांव में इस पहल को लेकर सकारात्मक माहौल बना हुआ है। लोग उनके इस कार्य को सराहनीय बता रहे हैं। मंजूर अहमद ने कहा कि रमज़ान का महीना इबादत, रहमत और जरूरतमंदों की मदद का महीना होता है। इसी भावना के साथ उन्होंने गांव के सभी लोगों तक इफ्तार किट पहुंचाने का प्रयास किया है, ताकि हर घर में आसानी से इफ्तार हो सके।

## नाबालिग के साथ छेड़छाड़ का आरोप

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** एक महिला ने घर पर अकेली मौजूद उसकी नाबालिग पुत्री के साथ 80 वर्षीय वृद्ध द्वारा छेड़छाड़ तथा अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी वृद्ध घर से फरार है। नांगल थाना क्षेत्र के एक ग्राम की निवासी महिला ने पुलिस को दिये प्रार्थना-पत्र में कहा है कि कल दोपहर वह तथा उसकी सास अपनी-अपनी दवाई लेने के लिये बाहर गई हुई थीं, जबकि उसका पति लकड़ियां लेने जंगल गया हुआ था। घर पर उसका पुत्र तथा 15 वर्षीय पुत्री ही थे। उसका पुत्र जब गांव में खेलने गया हुआ था, उसी दौरान उसके घर में सद्दीक (80 वर्ष) पुत्र स्व. मोहम्मद अली सिद्दीकी निवासी ग्राम दहीरपुर घुस आया। महिला का आरोप है कि उक्त व्यक्ति उसकी 15 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर कमरे के अंदर ले गया तथा उसके साथ अश्लील हरकतें एवं छेड़छाड़ की। जब शाम को वह वापस घर लौटी, तो उसकी पुत्री ने उसे तथा अन्य परिवारजनों को उसके साथ घटी घटना के बारे में बताया। महिला की शिकायत पर बीती रात्रि पुलिस ने आरोपी वृद्ध सद्दीक पुत्र स्व. मोहम्मद अली सिद्दीकी निवासी ग्राम दहीरपुर थाना नांगल के विरुद्ध बीएनएस की धारा 76 तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 7/8 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। आरोपी फरार है।



खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।


पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेंसीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476


भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना

"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताएें:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रों को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए नि:शुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स

Neal Rajput (M.B.B.S) Pranab Rajput (M.B.B.S) Roopali (M.B.B.S) Vanshika Singh (IIT) Avantika Rana (M.B.B.S) Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928